# हिंदी सिनेमा:दलित-आदिवासी विमर्श

## दो-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

## 5-6 अक्टूबर 2015

**संरक्षक - प्रो. चंद्र कृष्णमूर्ति, कुलगुरू, पांडिचेरी विश्वविद्यालय**

**सहसंरक्षक - प्रो. पन्नीरसेल्वम, कुलसचिव**

**आयोजक : हिंदी विभाग**

**पांडिचेरी विश्वविद्यालय, पांडिचेरी**

**संगोष्ठी संयोजक**

**डॉ. प्रमोद मीणा - डॉ. सी. जयशंकर बाबू**

**संगोष्ठी समन्वयक**

**डॉ. एस. पद्मप्रिया, विभागाध्यक्षा**

## संगोष्ठी प्रस्तावना

हिंदी विभाग, पांडिचेरी विश्वविद्यालय द्वारा 'हिंदी सिनेमा: दलित-आदिवासी विमर्श' विषय पर प्रस्तावित राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन के पीछे आम भारतीय व्यक्ति के मन में हिंदी सिनेमा के प्रति आकर्षण को तो दृष्टि में रखा ही गया है किंतु साथ ही समकालीन दलित-आदिवासी विमर्श की प्रासंगिकता ने भी विषय चयन में हमारा मार्गदर्शन किया। एक लंबे समय तक हिंदी सिनेमा भारतीय विशेषत: हिंदी के साहित्यिक अकादमिक जगत के लिए अछूता रहा क्योंकि लोकप्रिय कला माध्यमों का अध्ययन क्लासिकल साहित्य के आभिजात्य रूचि संपन्न अध्येता करना पसंद नहीं करते थे। इधर कुछ समय से सिनेमा के बढ़ते वाणिज्यिक महत्व को देखकर और इसमें निहित व्यापक जन अपील की क्षमता से प्रभावित होकर सिनेमा के अध्ययन-अध्यापन की बाढ़ सी आ गई है। लेकिन अभी अकादमिक जगत का ज्यादा ध्यान सिनेमा के ऐतिहासिक-वाणिज्यिक अध्ययन और उसकी संप्रेषणात्मक भाषाई संरचना पर ही मूलतः केंद्रित है। दलित और आदिवासी दृष्टिकोण से हिंदी सिनेमा को देखने के इक्का-दुक्का वैयक्तिक प्रयास ही लघु स्तर पर हुए हैं। आज जब साहित्य के शोध क्षेत्र में दलित-आदिवासी विमर्श एक मुख्य विषय के रूप में क्रमश: उभर रहा है, तो ऐसे में आवश्यक हो जाता है कि हिंदी सिनेमा में भी दलित और आदिवासी जीवन के चित्रण का अवलोकन किया जाये। प्रस्तुत संगोष्ठी में यह अवलोकन दलित और आदिवासी की नजरों से किया जाना अपेक्षित है।

## संगोष्ठी में प्रस्तुत किये जाने वाले शोधपत्रों के विषय :

* **हिंदी सिनेमा के परदे पर अनुपस्थित दलित - आदिवासी यथार्थ**
* **तथाकथित उच्च जातियों द्वारा दलित-आदिवासी का दमन-उत्पीड़न**
* **गाँधीवादी दलित उत्थान और जातीय राजनीति का दुष्चक्र**
* **सर्वहारा के रूप में दलित-आदिवासी**
* **स्वानुभूति-सहानुभूति और सिनेमाई बाज़ार का अर्थतंत्र**
* **दलित-आदिवासी स्त्री की त्रासदी और बड़ा पर्दा**
* **दलित-आदिवासी के संदर्भ में राष्ट्रवाद की आर्थिक-सांस्कृतिक परियोजना का प्रचारक या प्रतिरोधक हिंदी सिनेमा**
* **दलित-आदिवासी साहित्य के सिने रूपांतरण की समस्याएँ**
* **हिंदी सिनेमा का डॉक्यूमेंट्रीय जगत और दलित-आदिवासी चित्रण**
* **हिंदी की दलित-आदिवासी कार्टून फिल्में**
* **गैर हिंदी सिनेमा में दलित-आदिवासी पदचिन्ह**

**ध्यातव्य है कि उपर्युक्त विषय प्रतिभागियों की सुविधा हेतु निर्धारित किये गये हैं। आप अपने विवेक से संगोष्ठी के मुख्य शीर्षक विषय के साथ न्याय करते हुए कोई और विषय भी अपने शोधपत्र के लिए चुन सकते हैं किंतु ऐसे विषय से संयोजकों को पहले अवगत अवश्य करायें।**

# हिंदी सिनेमा:दलित-आदिवासी विमर्श

## दो-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

आयोजन तिथि : 5 और 6 अक्टूबर, 2015

आयोजन स्थल : संगोष्ठी कक्ष, मानविकी संकाय, पांडिचेरी विश्वविद्यालय, पांडिचेरी 605014

**पंजीकरण शुल्क :**

पंजीकरण शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2015

पंजीकरण राशि - शोधार्थी-500 रु. और अध्यापक -1000 रु.

**शोध पत्र :**

शोध सारांश भेजने की अंतिम तिथि: 25 जुलाई 2015

संपूर्ण शोध पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि:31 अगस्त 2015

ध्यातव्य है कि समय अभाव की स्थिति में चयनित शोध पत्र प्रस्तुतकर्ताओं को ही संगोष्ठी में संपूर्ण आलेख प्रस्तुति की अनुमति दी जायेगी और शेष शोधपत्र प्रस्तुतकर्ताओं को अपना शोध सारांश प्रस्तुत करना होगा।

**आवास व्यवस्था :**

शोध छात्र-छात्राओं हेतु संगोष्ठी के दौरान आवास की व्यवस्था विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों में विद्यार्थी अतिथि के रूप में की जायेगी। अध्यापक और अन्य प्रतिभागियों के आवास व्यवस्था की सूचना परिचायिका के अंत में दी गई है।

## संपर्क सूत्र :

**शोधपत्र प्रस्तुति हेतु: डॉ. प्रमोद मीणा,**
**9344008481,7598424112, pramod.du.raj@gmail.com**

**आवास - आवागमन और पंजीकरण हेतु:**
**जयराम कुमार पासवान, 9042442478, jairamkrpaswan@gmail.com**
**महेश सिंह, 7598643258, gguhindi@gmail.com**

**हिंदी विभाग, पांडिचेरी विश्वविद्यालय**

# हिंदी सिनेमा:दलित-आदिवासी विमर्श

**दो-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी**

**5-6 अक्टूबर 2015**

## पंजीकरण शुल्क सूचना

राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता हेतु शोध सारांश/पूर्ण शोधपत्र के साथ पंजीयन आवश्यक है। पंजीकरण के लिए पृथक पंजीयन प्रपत्र निर्धारित है जिसे जमा कराने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2015 है। इसी तिथि अर्थात् 31 अगस्त 2015 तक पंजीयन शुल्क मय पंजीयन फॉर्म अनिवार्य रूप से भेजकर राष्ट्रीय संगोष्ठी में भागीदारी सुनिश्चित करने का कष्ट करें ताकि प्रतिभागियों के आवास आदि की समुचित व्यवस्था की जा सके। पंजीकरण शुल्क के लिए जिस बैंक खाते में भुगतान अपेक्षित है, उसका विवरण इसप्रकार है –

| | |
|---|---|
| बैंक का नाम | INDIAN BANK |
| शाखा | Pondicherry University, Kalapet, Pondicherry - 605014 |
| खाताधारक का नाम | HINDI CINEMA-DALIT AND TRIBAL DISCOURSE |
| खाता संख्या | 6353718630 |
| आई.एफ.एस.सी.कूट (IFSC Code) | IDIB000P152 |

## पांडिचेरी आगमन-प्रस्थान विषयक सूचना -

पांडिचेरी केंद्रीय विश्वविद्यालय केंद्र शासित प्रदेश पांडिचेरी में स्थित है। विश्वविद्यालय की पांडिचेरी शहर के मुख्य बस अड्डे से दूरी लगभग 12 किलोमीटर है। यद्यपि पांडिचेरी शहर भारतीय रेल यातायात सेवा से जुड़ा हुआ है और यहां से दिल्ली, कोलकता, भुवनेश्ववर आदि स्थानों के लिए रेल परिवहन सुविधा उपलब्ध है। लेकिन समीपस्थ मुख्य रेलवे स्टेशन चेन्नई में है और चेन्नई से देश के सभी मुख्य शहरों के लिए रेल यातायात सुलभ है। चेन्नई से विश्वविद्यालय की दूरी लगभग 150 किलोमीटर है। चेन्नई रेलवे स्टेशन से पांडिचेरी विश्वविद्यालय आने के लिए आपको पहले रेलवे स्टेशन से चेन्नई के कोयंबेडू अंतर्राज्यीय बस अड्डे - सी.एम.बी.टी. (CMBT) पहुंचना होगा जिसकी दूरी लगभग 10 किलोमीटर है। बस अड्डे पहुंचने के लिए स्थानीय बस सं. 15B - 16B की सेवा चौबीसो घंटे उपलब्ध है। सी.एम.बी.टी. से पांडिचेरी विश्वविद्यालय आने के लिए सामान्य और वातानुकूलित, दोनों प्रकार की पांडिचेरी ईसीआर (ECR-Eastern Coastal Road) बसें हर समय उपलब्ध रहती हैं। आपसे विशेष अनुरोध है कि आप बाई पास होकर गुजरने वाली कोई भी बस पांडिचेरी विश्वविद्यालय आने के लिए न लें क्यों कि ये बसें यात्री को दूसरे मार्ग से पांडिचेरी शहर पहुंचाती हैं जिसके कारण पांडिचेरी विश्वविद्यालय के लिए उसे पुन: एक स्थानीय बस बदलनी पड़ती है। जो प्रतिभागी हवाईजहाज से आना चाहते हैं, उनके लिए समीपस्थ हवाई अड्डा है - चेन्नई का कामराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा। चेन्नई हवाई अड्डे से आप सी.एम.बी.टी. (CMBT) बस अड्डे पहुंचकर पांडिचेरी विश्वविद्यालय आ सकते हैं।

**शोध पत्र प्रारूप -** आप अपने शोध पत्र निम्न प्रारूप के तहत ही प्रस्तुत करने का प्रयास करें जिससे कि तकनीकी जटिलताओं का सामना न करना पड़े - 1. शोध प्रपत्र एम.एस. ऑफिस में टाइप होना चाहिए; 2. फॉन्ट - कृतिदेव 10, मंगल यूनिकोड; 3. फॉन्ट आकार (सामान्य) - मुख्य शीर्षक 16, उप शीर्षक 14, आलेख पाठ 12; 4. पंक्ति अंतराल 1.5

## पांडिचेरी विश्वविद्यालय और पर्यटन केंद्र -

पांडिचेरी विश्वविद्यालय की स्थापना संसदीय अधिनियम द्वारा सन् 1985 में हुई है। वर्तमान में विश्वविद्यालय के अंतर्गत 15 संकाय, 37 विभाग और 10 केंद्र हैं जो 175 स्नातकोत्तर और शोध कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं। विश्वविद्यालय का मुख्य परिसर पांडिचेरी में अवस्थित है जबकि दो अन्य परिसर कराइकल और पोर्ट ब्लेयर में हैं। पांडिचेरी विश्वविद्यालय अपने इर्दगिर्द कई खूबसूरत पर्यटन स्थल संजोये है। इनमें मुख्य हैं – महाबलीपुरम, अरविंदो आश्रम और मातृ मंदिर, ऑरोबिल, गांधी समुद्री तट, पेराडाइज समुद्री तट, सेक्रेड हार्ट चर्च, कैथोलिक चर्च, आनंदरंगा पिल्लई महल, चिन्नाम्बर बोट हाउस, बोटानिकल उद्यान, पांडिचेरी संग्रहालय, फ्रेंच युद्ध स्मारक, तिरुकामेश्वर मंदिर, अरिकमेड्डु, शिंजी किला, चिदंबरम शिव मंदिर आदि।

## पांडिचेरी में निजी आवासीय व्यवस्था हेतु कुछ अतिथि आवास –

1. गोबर्ट एवेन्यू, बीच रोड, पांडिचेरी - +91413 2224644 / 2233644
2. कर्नाटका निलयम्, पांडिचेरी - +914132233699
3. न्यू गेस्ट हाउस, रूई रोम्यां रोलां, पांडिचेरी - +91413 2221553 / 2233634
4. कॉटेज गेस्ट हाउस, रंगापिल्लै स्ट्रीट, पांडिचेरी - +91413 2233610
5. इंटरनेशनल गेस्ट हाउस, पांडिचेरी - +91413 2336699

संपर्क पता - हिंदी विभाग, पांडिचेरी विश्वविद्यालय, कालापेट, पांडिचेरी - 605014, 04132654774, विश्वविद्यालय वेबसाइट - http://www.pondiuni.edu.in/

* संगोष्ठी परिचायिका और पंजीकरण प्रपत्र आप विश्वविद्यालय की साइट से सीधे भी डाउनलोड कर सकते हैं।

**पंजीकरण प्रपत्र**
**हिंदी विभाग, पांडिचेरी विश्वविद्यालय**
**कालापेट, पांडिचेरी - 605014**

## 'हिंदी सिनेमा:दलित–आदिवासी विमर्श'
**दो-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी, 5-6 अक्टूबर 2015**

1. **नाम** ..........................................................................................................................
2. **पद (चिह्नित कीजिए) - विद्यार्थी/शोधार्थी/अध्यापक/सहायक आचार्य/सह आचार्य/आचार्य आदि**
3. **संस्था और उसका पता**
   ..........................................................................................................................
   ..........................................................................................................................
4. **संपर्क पता**
   ..........................................................................................................................
   ..........................................................................................................................
   **ईमेल** ..........................................................................................................................
   **चलदूरभाष नं.** ..........................................................................................................................
5. **संगोष्ठी में आपकी सक्रियता (चिह्नित कीजिए) - सिर्फ भागीदारी/प्रपत्र प्रस्तुति सह भागीदारी/पोस्टर प्रस्तुति**
6. **शोधपत्र का शीर्षक** ..........................................................................................................................
   **क. शोध सार प्रस्तुत करने की संभावित तिथि**.....................................................
   **ख. संपूर्ण शोध पत्र प्रस्तुत करने की संभावित तिथि**.............................................
7. **ठहरने की व्यवस्था - आवश्यक है ☐ या आवश्यक नहीं है ☐ (चिह्नित कीजिए)**
   *ध्यातव्य है कि आमंत्रित विषय विशेषज्ञों, छात्रों और शोधार्थियों के अतिरिक्त शेष प्रतिभागियों को अपने निवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। इस संदर्भ में आप आयोजकों से भी संपर्क कर सकते हैं।
8. **आगमन-प्रस्थान विवरण**
   **आगमन की तिथि और समय** ..........................................................................................
   **प्रस्थान की तिथि और समय** ..........................................................................................
9. **शुल्क विवरण**
   **राशि (चिह्नित कीजिए) 1000 रू ☐ 500 रू ☐**

**क. डी.डी. सं.**................................................................**बैंक का नाम**............................................
**शाखा का नाम**........................................................... **तिथि** ..................................................

**ख. नेट बैंकिंग भुगतान विवरण**
**खाताधारक का नाम**............................. **खाता संख्या**.....................................................
**भुगतान संदर्भ संख्या**............................ **भुगतान तिथि और समय**...................................

**स्थान** .............

**दिनांक** ............... **हस्ताक्षर**

* पंजीयन शुल्क भुगतान उपरांत बैंक द्वारा प्रदत्त पावती पत्र/ नेट बैंकिंग भुगतान की ई प्रति आवश्यक रूप से ईमेल करें और पंजीकरण पत्र के साथ संलग्न करें। पंजीयन शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2015 है।
* पंजीकरण शुल्क हेतु डी.डी. के माध्यम से शुल्क का भुगतान करते समय अपेक्षित राशि का डी.डी. 'HINDI CINEMA-DALIT AND TRIBAL DISCOURSE' के नाम से बनाया जाना चाहिए जो PONDICHERRY में भुगतान योग्य हो।
* पंजीयन शुल्क के भुगतान हेतु बैंक खाते का विवरण इसप्रकार है -

| | |
|---|---|
| **बैंक का नाम** | **INDIAN BANK** |
| **शाखा** | **Pondicherry University, Kalapet, Pondicherry - 605014** |
| **खाताधारक का नाम** | **HINDI CINEMA-DALIT AND TRIBAL DISCOURSE** |
| **खाता संख्या** | **6353718630** |
| **आई.एफ.एस.सी.कूट (IFSC Code)** | **IDIB000P152** |